महोदय,

कृपया संलग्न पत्र कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी महोदय मेरठ का अवलोकन करने की कृपा करे जिसमें प्रबंधक बाल शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामराज जिला मेरठ को उक्त विद्यालय भवन के एन0वी0सी0 प्रमाण पत्र हेतू तहसील मवाना से उक्त विद्यालय के भवन के स्वामित्व के सम्बन्ध मे आख्या चाही गई है। स्थलीय निरीक्षण एंव अभिलेखो परीक्षण के उपरांत आख्या निम्न प्रकार है।

बाल शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैफपुर फिरोजपुर रामराज का भवन खसरा नं0 511/1मि0 क्षेत्रफल क्रमश 0.0700 है0 एंव 2.0270 है0 मे से 0.5412 है0 कुल क्षेत्रफल 0.6112 है0 क्षेत्रफल मे बना हुआ है उक्त खसरा नम्बरो जिसमें विद्यालय का भवन विद्यमान है। वह खसरा नं0 511/1मि0 क्षेत्रफल 0.0700 है0 में 27 कमरे निर्मित है तथा शेष 0.5412 है0 में खेल का मैदान(क्रीडास्थल) बना है। एंव क्रीडास्थल सहित खुला सहन है जो उक्त विद्यालय के प्रयोग में आ रहा है।

खसरा नं0 511/1 मि0 क्षेत्रफल 0.0700 है0 खतौनी के खाता सं0 284 पर बाल शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम दर्ज है एंव खसरा नं0 511/1 मि0 क्षेत्रफल 2.0270 है0 पर रामराज हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड का नाम दर्ज है जिसमें से 0.5412है0 क्षेत्रफल उक्त विद्यालय के क्रिया कलापों में प्रयोग हो रहा है उक्त हाऊसिंग सोसायटी के सम्बन्ध में जांच के दौरान तस्दीक हुआ कि उक्त सोसायटी जमीदारी खात्मे से पूर्व से ही अस्तित्व में है एंव संक्रमणीय भूमिधर के अधिकार प्राप्त है एंव तभी से उक्त भूमि पर प्रबंधक आजाद बंसल पुत्र प्यारेलाल बंसल निवासी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर होने विद्यालय का प्रबधक उक्त भूमि पर बाल शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामराज मेरठ का स्वामित्व एंव अस्तित्व सिद्व होता है।

राजस्व अभिलेखो के अनुसार खसरा नं0 511/1 मि0 पर बाल शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामराज मेरठ का दो मंजिला भवन विद्यमान है जिसमें 27 कमरे निर्मित है। जिसपर बाल शिशु मंदिर उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय रामराज मेरठ का ही स्वामित्व है।

आख्या सेवा में प्रेषित है।

06/6/2023 सैफपुर फिरोजपुर

जगन्नाथ सिंह

लेखपाल

6.6.23

1627

महोदय,

स्थ0 नि0 जांच आख्या अग्रसारित

तहसीलदार

मवाना मेरठ